भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर
INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY BHUBANESWAR
सामांतपुरी/ Samantapuri, भुवनेश्वर/ Bhubaneswar – 751013

**विज्ञापन सं – Rectt/03/Non-Acad/2012-13**

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन वर्ष 2008 में स्थापित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर "राष्ट्रीय महत्व" का संस्थान है। गत वर्षों में संस्थान ने विश्व स्तर का शैक्षणिक मंच तैयार किया है जो उत्कृष्ट आधारिक संरचनात्मक सुविधाओं पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय स्वीकृत अनुसंधान के माध्यम से निरंतर बरकरार है। संस्थान को इटी नॉउ नैशनल एड्युकेशन लीडरशिप पुरस्कार द्वारा सर्वश्रेष्ठ अभियांत्रिकी संस्थान (पूर्व) से पुरस्कृत किया गया है।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर योग्य भारतीय नागरिकों से निम्न पद को प्रतिनियुक्ति पर भर्ती करने हेतु आवेदन आमंत्रित करता है।

1. **पद का नाम** : **मुख्य नेटवर्क अभियंता**

रिक्त पद की सं. : 01 (अनारक्षित)

वेतन मान : वेतन बैंड-3 **₹15600-39100/- ₹7600/-** के ग्रेड वेतन सहित केंद्र सरकार के कर्मचारियों को मिलने वाले अन्य भत्तों के साथ। प्रारंभिक मूल वेतन ₹ **29,500**/-। न्यूनतम वेतनमान में प्रत्येक माह की परिउपलब्धियाँ कुल ₹ **60,392**/- होगी।

**शैक्षिक एवं अन्य अर्हता** : **अनिवार्य**

कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी/इलेकट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी/विद्युत अभियांत्रिकी में बी.टेक/ बी.ई अथवा समकक्ष। सभी उपाधियों/परीक्षाओं में प्रथम स्थान अथवा समकक्ष स्थान प्राप्त किया हो।

**अनुभव :** निम्न क्षेत्रों में कम से कम 11 वर्षों का अनुभव हो :

i लोकल एंड वाइड एरिया नेवटवर्क प्लानिंग, इम्पलिमेंटेशन एंड मैनेजमेंट।
ii. वायरलेस नेटवर्क।
iii. कन्फिग्युरेशन एंड मैनेजमेंट ऑफ नेटवर्क डिवाइसेस।
iv. इम्पलिमेंटिंग नेटवर्क एंड सिस्टम सैक्युरिटी।
v. डिप्लॉयमेंट एंड मैनेजमेंट ऑफ एप्लिकेशन, सिस्टम एंड स्टोरेज़ सर्वर।

**वांछनीय :**

i. उपरोक्त दिए अनुभव क्षेत्रों में एक या उससे अधिक में प्रमाणपत्र प्राप्त किया हो।
ii. लार्ज डाटाबेस/डाटा-माइनिंग एप्लिकेशन्स में अनुभव।

**सीधी भर्ती हेतु**
**आयु सीमा** : 50 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। सरकारी कर्मचारियों के लिए उपरोक्त दर्शाई गई आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थियों के लिए सरकार द्वारा जारी अनुदेश अथवा आदेश के अनुसार छूट रहेगी।

*नोट : आवेदन पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि के अनुसार आयु सीमा का निर्धारण किया जाएगा।*

**प्रतिनियुक्ति हेतु** : **केंद्र/राज्य सरकार/स्वायत्त निकाय/सार्वजनिक इकाईयाँ/अनुसंधान संस्थान/ विश्वविद्यालयों के अधिकारीगण जो समवृत्ति पद में नियमित सेवा में हैं अथवा ग्रेड वेतन ₹6600/- में 5 वर्ष की नियमित सेवा की हो तथा नेटवर्क मेनेजमेंट/ एडमिस्ट्रेशन के क्षेत्र में अनुभव हो।**

**सामान्य अनुदेश/सूचना :**

1. आवेदन पत्र संस्थान की वेबसाइट www.iitbbs.ac.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है। निर्धारित प्रारूप में पूर्ण रूप से भरे गए आवेदन पत्र, सभी संबंधित दस्तावेज़, अंकसूचियाँ, अनुभव प्रमाणपत्र, वर्ष 2008-09 से 2012-13 तक 5 वर्ष की सीआर/एपीएआर की अनुप्रमाणित प्रतियाँ **कुलसचिव, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर, सामंतपुरी, भुवनेश्वर-751013** को **दिनांक 12.04.2013** तक अवश्य पहुँच जानी चाहिए। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि आवेदन पत्र के लिफाफे पर "**आवेदित पद का नाम**" एवं **विज्ञापन संख्या. "Rectt/03/Non/-Acad/2012-13"** अवश्य लिखें।
2. संस्थान लिंग भेद के अंतर को कम करने का प्रयास करता है तथा महिला अभ्यर्थियों को आवेदन करने हेतु प्रोत्साहित करता है।
3. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि आवेदन करने से पूर्व स्वयं को संतुष्ट कर लें कि क्या वे विज्ञापन में निर्धारित न्यूनतम आवश्यक योग्यता को पूरा कर रहे हैं।
4. योग्यता के मात्र पूरा होने से अभ्यर्थी परीक्षा अथवा साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का पात्र नहीं हो जाता है। इस मामले में संस्थान द्वारा लिया गया निर्णय ही अंतिम होगा।
5. अभ्यर्थी जिन्होंने हमारे विज्ञापन सं. Rectt/01/Non-Acad/2012/13 के तहत आवेदन किया था और साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाए गए थे उन्हें पुनः आवेदन करने की जरुरत नहीं है।
6. अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक योग्यता के समर्थन में माध्यमिक एवं उसके बाद की उत्तीर्ण परीक्षाओं के प्रमाणपत्रों एवं अंकसूचियों की अनुप्रमाणित प्रतियाँ भेंजे।
7. प्रस्तुत किए जाने वाले अनुभव प्रमाणपत्र में अभ्यर्थी अपने अनुभव के विशिष्टीकरण/कार्यात्मक क्षेत्रों का विवरण स्पष्ट रूप से उल्लेख करें।
8. अनु.जा/अनु.जन.जा./अ.पि.व./शा.वि./भूतपूर्व सैनिक, खिलाड़ियों के वर्ग में आरक्षण का लाभ लेने वाले अभ्यर्थी सुनिश्चित करें कि वे भारत सरकार के नियमानुसार निर्धारित आरक्षण के पात्र होंगे।
9. अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन, किसी भी रूप में अधूरा आवेदन एवं अलग से प्रेषित कोई भी अतिरिक्त कागज़/संलग्नक दस्तावेज़ पर विचार नहीं किया जाएगा।
10. सरकारी/अर्ध सरकारी संगठन/स्वायत्त निकाय/शैक्षणिक संस्थान/सार्वजनिक संस्थान आदि में कार्यरत अभ्यर्थी अपना आवेदन उचित माध्यम से भेंजे। आवश्यक होने पर वे अपने आवेदन की अग्रिम प्रति अंतिम तिथि तक या उससे पूर्व भेज सकते हैं। जिन्होंने अपना आवेदन उचित माध्यम से नहीं किया है वे साक्षात्कार के समय अपने वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त कर प्रस्तुत करें। ऐसे अभ्यर्थियों को इस आशय की एक वचनबद्धता प्रस्तुत करनी होगी अन्यथा इस प्रकार के अभ्यर्थियों से प्राप्त सीधे आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
11. संस्थान के पास अधिकार सुरक्षित है : (क) परिस्थिति के अनुसार विज्ञापित पद के लिए लिखित परीक्षा आयोजित कर सकता है अथवा आवेदकों की योग्यता तथा अनुभव को देखते हुए बिना लिखित परीक्षा के ही कोई मानदंड बना सकता है। ख) किसी भी विज्ञापित पदों को न भरने का ग) उपलब्ध अभ्यर्थियों से साक्षात्कार के समय अनुवर्ती रिक्तियाँ सहित अतिरिक्त रिक्त पदों को भरा जा सकता है।
12. अभ्यर्थी की योग्यता एवं अनुभव से संबंधित अहर्ता की गणना/विचार आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के अनुसार की जाएगी।
13. संस्थान के पास किसी विशेष मामले में अथवा ऐसे व्यक्ति जो पहले से ही किसी केंद्रीय तकनीकी संस्थान/विश्वविद्यालय/अनुसंधान संस्थान में हैं अथवा समवृति पद पर कार्यरत हैं, को अनुभव में छूट देने का अधिकार सुरक्षित है जिसके लिए कारण लिखित में दर्ज किया जाएगा। शैक्षणिक योग्यता में न्यूनतम मानदंड/आरक्षित वर्ग के लिए छूट मानव संसाधन विकास मंत्रालय/भारत सरकार द्वारा निर्धारित वर्तमान मापदंडानुसार दी जाएगी।। अनु.जा./अनु.ज.जा/शा.वि. अभ्यर्थियों को स्नातकोत्तर उपाधि में 55% से 50% तक अंक होने पर 5% अंक की छूट दी जाएगी, मा.सं.वि.मं.के निर्देशानुसार, जहाँ लागू हो ।

14. नियुक्ति के समय अथवा सेवाकाल के दौरान संस्थान द्वारा अभ्यर्थी के पूर्ववृत्त अथवा जमा किए गए दस्तावेज़ों की जाँच की जाएगी। अगर, अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेज़ों को फर्जी पाया जाता है अथवा अभ्यर्थी द्वारा अपना पूर्ववृत्त/पृष्ठभूमि छिपाई जाती है तथा सूचना को दबाया गया है तो उन्हें उनकी सेवा से निरस्त कर दी जाएंगी।

15. चयन/साक्षात्कार की प्रक्रिया से संबंधित किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। अपने पक्ष में किसी भी प्रकार का प्रचार करने पर अभ्यर्थी के आवेदन को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

16. इस पद के आवेदन के लिए अधिकतम आयु 50 वर्ष है। सरकारी कर्मचारी एवं अनु.जा./अनु.जन.जा. अभ्यर्थियों को भारत सरकार के अनुदेश/आदेशानुसार 05 वर्ष की छूट दी जाएगी। अनु.जा./अनु.जन.जा/अ.प.व./भूतपर्व सैनिकों, केंद्र सरकार के कर्मचारियों एवं योग्य महिला अभ्यर्थियों को भारत सरकार के नियमानुसार आयु में छूट दी जाएगी। भा.प्रौ.सं. व्यवस्था में कार्यरत कर्मचारी जो विज्ञापित पद की अर्हताओं को पूरा कर रहे हैं को मा.सं.वि.मं. के नियमानुसार 50 वर्ष की आयु तक छूट दी जाएगी।

17. इस मामले किसी भी प्रकार की अंतरिम पूछताछ/पत्राचार/संवाद पर विचार नहीं किया जाएगा। तथापि, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि इस संदर्भ में किसी भी प्रकार की अद्यतन की जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाईट www.iitbbs.ac.in देंखे।

18. किसी भी रूप में अधूरा आवेदन एवं संबंधित शैक्षणिक अंकसूचियों तथा प्रमाणपत्रों/फोटोग्राफ आदि के संलग्न न पाए जाने पर साथ ही आवेदन अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने पर इसे अस्वीकार कर दिया जाएगा।

**आवेदन के साथ जमा किए जाने वाले दस्तावेज़ों की जाँच सूची**

1) निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र को विधिवत रूप से भरें।
2) वर्तमान की दो रंगीन फोटो दिनांक को दर्शाते हुए एक को आवेदन पत्र में चिपकाएं और दूसरे को आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें।
3) माध्यमिक/उच्चमाध्यमिक एवं उसके बाद के सभी प्रमाणपत्रों, अंकसूचियों की अनुप्रमाणित प्रतियाँ।
4) अनुभव पत्र/ शंसा पत्र की अनुप्रमाणित प्रतियाँ।
5) जाति प्रमाणपत्र (अ.जा./अनु.जन.जा/अ.प.व.), शारीरिक विकलांग का प्रमाणपत्र, भूतपूर्व सैनिक, सराहनीय खिलाड़ी, केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए अनुभव पत्र की अनुप्रमाणित प्रतियाँ।
6) केंद्र/राज्य सरकार सहित केंद्रीय शैक्षिक संस्थानों से प्रतिनियुक्ति पर आवेदन करने की स्थिति में, अनापत्ति प्रमाणपत्र एवं आवश्यक सतर्कता जाँच प्रमाणपत्र आवेदन को अग्रसारित करते हुए प्रेषित करें।

**आवेदन की अंतिम तिथि : 12/04/2013**

**विज्ञापन सं. Rectt/03/Non-Acad/2012-13**

(कुलसचिव)